तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार, 19 जून 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 भाजपा की राज्य सरकार की लचर कानून...





12 स्थानांतरित ग्रामीण डाकसेवकों को दी गई विदाई




**प्रदर्शन:** बलौदाबाजार हिंसा की निष्पक्ष व सीबीआई जांच को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

# धार्मिक स्थल पर घटित घटना की जांच छोड़, सभ्य समाज को बदनाम करने की साजिश कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, कार्यक्रम प्रभारी मोहन मरकाम की उपस्थिति में सिरहासार चौक में बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना को लेकर निष्पक्ष व सीबीआई जांच की मांग की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

■ बेगुनाह लोगों को गिरफ्तार कर बरत रही बर्बरता : मरकाम

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बलौदाबाजार में हुई घटना की सीबीआई जांच व लचर कानून व्यवस्था के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया है। जब से बीजेपी की सरकार बनी है पूरे प्रदेश में हिंसक घटनाएं बढ़ गई है न कानून व्यवस्था न कोई विकास कार्य सिर्फ तरह तरह की घटनाएं हो रही है। प्रदेश को ठीक ढंग से नहीं सम्भालने वाले मुख्यमंत्री को पद से इस्तीफा दे ▶▶| शेष पेज 12 पर





## सरकार की नाकामी व लचर कानून व्यवस्था से हुई घटना





जगदलपुर। भाजपा सरकार की नाकामी और लचर कानून व्यवस्था के चलते बलौदाबाजार की घटना घटी, जिसका परिणाम आम लोगों और निर्दोषजनों को भुगतना पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन स्थल पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही। साथ ही पूरे मामले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने बलौदाबाजार जिले के ग्राम महकोनी में जैतखम्ब के अपमान और तोड़-फोड़ किए जाने के मामले में संतोषप्रद कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया।

## जहां भाजपा की सरकार, वहां जनता परेशान

दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार जहां हैं, वह प्रदेश जल रहा है। हिंसक घटनाएं दिन ब दिन बढ़ रही है पिछले सालभर से मणिपुर जल रहा है, हरियाणा भी जला था। अब भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ को भी मणिपुर की तरह जलाना चाहती है। धर्म की आड़ में राजनीति करना भाजपा से अच्छा कोई नहीं जान सकता है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के लोगों ने सरकार से सीबीआई जांच की मांग की थी। परन्तु सरकार ने उनकी एक ना सुनी बल्कि धार्मिक स्थल पर घटित घटना की जांच छोड़कर सभ्य समाज को बदनाम करने की साजिश कर रही है। प्रदेश सरकार के नियंत्रण में कानून व्यवस्था नहीं है।

## बेगुनाहों को गिरफ्तार कर दे रहे यातनाएं

मोहन मरकाम ने कहा कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में सरकार बेगुनाहों व सभ्य सतनामी समाज के लोगों की गिरफ्तारी कर रही है। इसके पीछे साजिश रचने वाले असली गुनहगारों को बचा रही है। 500 से अधिक बेगुनाहों को गिरफ्तार कर जेल में यातनाएं दी जा रही है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कटेकल्याण भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय दो नक्सलियों, जिसमें एक महिला नक्सली शामिल है ने हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताते हुए आज पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित दोनों नक्सली, नक्सल बंद के दौरान रोड खोदना, नक्सली बैनर, पोस्टर लगाने आदि कार्य में शामिल थे। जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू (घर वापस आईये) नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर एवं नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय





आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर दो नक्सली जियाकोड़ता पंचायत डीएकेएमएस सदस्य जोगा करटाम पिता स्व. हुंगा करटाम उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी ऐटेपाल स्कूलपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा एवं बेचापाल पंचायत सीएनएम सदस्या मुन्नी उर्फ डेंगी ओयाम पिता स्व. सुकलू ओयाम पति पयकू कड़ती उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी पिट्टेपाल चिन्नापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर ने समर्पण किया। दोनों नक्सलियों ने 18 जून को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, उप कमाण्डेन्ट 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।

## सभी लाभ देंगे

पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जाएगा।







# लापरवाह वाहन चालकों का वीडियो बनाकर भेजें, करेंगे कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वीआईपी आगमन से लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रखना, विशेष अपॉइंटमेंट से मुलाकात, काफिला गुजरते समय फॉलो गाड़ी से सिपाही का डंडा लहराकर लोगों को साइड होने का इशारा करना आम बात हो चली है। क्षेत्र में कई गाड़ियां ऐसी भी चलती है जिसमें केवल चालक होता है और वो तेजी से सायरन



बजाते हुये भीड़ के बीच से निकल जाता है। यही हाल ट्रैफिक सिग्नल पर भी है जब भी वीआईपी गुजरते है तो आमजनों को साइड लगा दिया जाता है साथ ही सिग्नल को भी जम्प करवा दिया जाता है। लोग इस व्यवस्था को देखकर मनमसोस कर रह जाते हैं। मंगलवार को पब्लिक वॉइस के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा को बताया कि किस तरह लोग आहत हो रहे है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ▶▶| शेष पेज 12 पर








## खबर संक्षेप

### दो परिवारों को मिली आठ लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि के दो प्रकरणों में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। केशकाल तहसील के फरसाडिही निवासी माधवराम सलाम की मृत्यु तालाब के पानी में डूबकर हुई मृत्यु के कारण पुत्र लखमुराम सलाम को तथा आंवराभाटा निवासी राधेलाल की मृत्यु तालाब के पानी में डूबकर हुई मुत्यु के कारण पत्नी मनबती को 4–4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### समस्याओं का निराकरण करने लगाए जाएंगे शिविर

**कोण्डागांव।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 22 जून को इसकी शुरुआत मर्दापाल से की जाएगी तथा प्रति माह दो जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य तौर पर जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर ने समय–सीमा बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में गरिमामय ढंग से आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां समय–पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला मुख्यालय के साथ ही विकासखण्ड मुख्यालय एवं सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में योग का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर इस अवसर पर 26 जून को शाला प्रारंभ होने के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन करने व शाला प्रवेश करने वाले बच्चों का स्वागत करने के निर्देश दिए। स्कूलों में पौधारोपण करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान जल शक्ति मिशन के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए भी अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के लिए शनिवार को महाअभियान का आयोजन करते हुए 5 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रमिकों के पंजीयन, पंजीयन के नवीनीकरण के साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों के संबंध में जानकारी भी ली। निर्माण कार्यों को पूरा करने कहा। इस अवसर पर कोंडागांव वन मंडलाधिकारी आरके जांगड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### रोगियों की पहचान से ही हासिल किया जा सकेगा टीबी मुक्त कोंडागांव का लक्ष्य



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय टीबी फोरम की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि टीबी रोगियों की पहचान से ही टीबी मुक्त कोंडागांव का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके लिए लक्षणों वाले मरीजों की जांच करें और टीबी पाए जाने पर तत्काल उपचार आरंभ करें। उन्होंने जिले में टीबीमुक्त पंचायत के लिए बेहतर कार्य करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य सभी विभागों को समन्वय करने का निर्देश दिया। जिसमें टीबी मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के साथ नियमित मुलूयांकन कर उन्हें समय में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने को कहा।

## आयोजन : भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त, भाजपाई मस्त : बिरेस

# भाजपा की राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने किया एक दिवसीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





बलौदाबाजार जिले के ग्राम महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोड़फोड़ मामले में संतोषप्रद कार्रवाई न होने की स्थिति में सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान उग्र प्रदर्शन से जिला कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित परिसर में हुई आगजनी से सैकड़ों की संख्या में दो पहिया, चारपहिया वाहन सहित शासकीय सम्पत्ति को क्षति पहुंची है। प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों लचर कानून व्यवस्था के चलते जिला मुख्यालय में इस प्रकार की घटना घटित हुई है। जिसका परिणाम जिले की आम जनता एवं निर्दोषजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

- जनता की आवाज का दूसरा नाम ही कांग्रेस है: मतलाम
- कलेक्टर, एसपी कार्यालय सुरक्षित नहीं, तो आम जनता क्या सुरक्षित होगी?: झूमूकलाल दीवान'

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन प्रदेश के सम्पूर्ण जिला मुख्यालय में किए जाने के निर्देश के साथ कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कोंडागांव जय स्तम्भ चौक में आयोजित किया गया।

धरना प्रदर्शन में जिलेभर से आए कांग्रेसियों ने प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर कोसा। सरकार की नाकामियों को गिनाया। कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेस ठाकुर ने कहा, भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त है, भाजपाई मस्त हैं। भाजपा को एन केन प्रकारेण सरकार बनाने से मतलब होता है। सरकार बनने के बाद जनता से कोई सरोकार नहीं होता, इसी का नतीजा है बलौदाबाजार में इतनी बड़ी घटना घटित हुई है। विष्णुदेव सरकार को मानवीयता के नाते तत्काल स्तीफा दे देना चाहिए। सरकार का सूचना तंत्र इतना कमजोर है की घटना का कोई आभास ही नहीं हुआ।

### राज्य सरकार को जमकर कोसा

कोंडागांव जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम ने कहा कांग्रेस पार्टी भारत देश की आजादी से लेकर आज तक आम जनता के साथ थी है। भाजपा के कुशासन के खिलाफ आमजन के साथ कांग्रेस पार्टी सदैव खडी है। कांग्रेस सत्ता में रहे या विपक्ष में जनता की आवाज का दूसरा नाम ही कांग्रेस है। जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने कहा जिला कार्यालय में जिले का सम्पूर्ण रिकार्ड होता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिले का रिमोट कंट्रोल होता है। भाजपा के कुशासन में वही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता क्या सुरक्षित होगा? सभी वक्ताओं ने बारी बारी से भाजपा की सरकार को कटघरे में खड़ा कर जमकर कोसा विष्णुदेव सरकार से इस्तीफा की मांग की।

### ये रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर जिलाध्यक्ष कांग्रेस झूमूकलाल दीवान जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम प्रदेश कांग्रेस सचिव बिरेस साहू प्रदेश कांग्रेस संयुक्त सचिव कैलास पोयाम पीसीसी सदस्य बुधराम नेताम शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव जनपद अध्यक्ष शिवलाल मंडावी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती राज मरकाम शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमा देवांगन अनुराग पटेल योगेंद्र पोयाम वरुण सेठिया नंदू दीवान बुधराम कश्यप पीतांबर नाग कपिलकांत नाग गन्नू पोयाम शम्भू मरकाम मिना साहू प्रीति भदौरिया सन्नी चोपड़ा सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## धरना देकर भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी, मांगा सीएम का इस्तीफा



**नारायणपुर।** बलौदा बाजार की घटना देश के लिए कलंक है। देश में कहीं भी नाराज लोगों के समूह ने कलेक्टोरेट व एसपी आफिस को नहीं जलाया है। यह बात गुरुवार को जिला मुख्यालय नारायणपुर में बलौदा बाजार की घटना के विरोध में एक दिनी धरना पर बैठे कांग्रेसजनों को संबोधित करते जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कही। धरना के दौरान कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी कर राज्य सरकार व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस्तीफा मांगा। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व बलोदा बाजार जिले में सतनामी समाज के द्वारा स्थापित जैतखंब को कतिपय लोगों के द्वारा क्षति पहुंचाने से नाराज समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट व एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया था। उस घटना में कुछ कांग्रेस नेताओं का नाम शामिल किए जाने से नाराज कांग्रेसियों ने गुरुवार को पीसीसी के निर्देश पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर धरना दिया। जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन को नारायणपुर का प्रभारी बनाया गया था। उन्होने जिला मुख्यालय नारायणपुर के गांधी चौक के पास कांग्रेसजनों के साथ धरना दिया। नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जताते कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है प्रदेश के आदिवासी, दलित व वंचित तबकों को प्रताड़ति करने की घटनाएं सरकारी संरक्षण पा रही हैं। उन्होने कहा कि भाजपा शासन में बस्तर समेत राज्य के आदिवासी पिस रहे हैं। उन्हें नाना प्रकार से प्रताड़ति किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रजनू नेताम व अन्य वक्ताओं ने घटना की निंदा करते भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। इस दौरान परमजीत सिंह जसवाल, हेमू उपाध्याय, संतोष सिंह, विजय सलाम, राजेश दीवान, महमूद भाई, अजय देशमुख, रवि देवांगन, बीपी शुक्ला, प्रमोद नैलवाल, अमित भद्र, बोधन देवांगन, शेख तौहिद, माधेश्वर, गुड्डू राव, उमेश कर्मा, दीपक गांधी, मोती ऊसेंडी, तरूण देहारी, धर्मेंद्र ठाकुर, सुकरू आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## दीवार लेखन कर शाला प्रवेश उत्सव की हो रही तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन द्वारा भले ही स्कूलों में बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों को बढ़ा दिया गया हो ,पर प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर की प्रधान अध्यापक मधु तिवारी के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। चिलचिलाती धूप में भी वे शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी में जुटी हुई है। 18 जून को गांव में घूम घूम कर पालकों, माताओं को शाला प्रवेश के लिए दीवार लेखन के माध्यम से जागरूक कर किया। शिक्षा का महत्व बता बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन के लिए प्रेरित कर रही है।

- माताओं, पालको को बच्चों के 'शाला प्रवेश के लिए कर रही जागरूक'
- जोन्दरा पदर में शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी जोरों पर'

शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक कर शाला के भौतिक विकास पर विचार विमर्श किया। शिक्षिका स्मिता नेताप स्वीपर लालीश्वर , श्रीमती पार्वती सोमवती, सोनामनी आदि माताओं के भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## स्थानांतरित ग्रामीण डाकसेवकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



डाक विभाग द्वारा ग्राम पंचायत चिखलपुटी में उपडाकघर में 18 जून मंगलवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम सह विदाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरपी वर्मा अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग, विजय सोढ़ी सरपंच चिखलपुटी, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, शत्रुघन निषाद उपडाकपाल कोंडागांव, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक मंचासीन रहे।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने डाक विभाग की योजनाओं को विस्तार से अवगत कराया।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारतीय डाक आपका अपना बैंक है जिसमे सभी प्रकार की सेवाएं समाहित हैं। जिसकी योजनाओं का आप सभी बढ़ चढ़कर लाभ उठाएं, डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कुल 2 करोड़ 30 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं स्माल सेविंग स्किम के प्रस्ताव फार्म जमा किये गए। साथ ही हाल में ही स्थानांतरित 32 ग्रामीण डाक सेवको का स्थानांतरण विभिन्न स्थानों में हुआ है जिनको स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में डाक अधिदर्शक सन्दीप राव, नईम खान, अनिल दीवान, हरेंद्र यादव, उमेश नाग, डिकेश मिर्झा, पूजा सोरी, भारत साहू, सूर्यप्रसाद दीवान, पदुम सिंह सेठिया, देवचंद सेठिया, शंकर दिवान, अंकित, मोनिका पटेल, ओमनारायण साहू, सुखराम मरकाम, कुमार आनंद, रूपचंद नेताम, बुधराम साहू, बानोथ रविन्दर, बालमुकुन्दी बंजारे, चेतमन मरकाम, राजेश सिंह, सुधांशु सिंह, उतपल कांत चौधरी, श्वेता साहू, योगेंद्र जांगड़े, पुरुषोत्तम सिंह, मुस्कान बरेथ, सुबरु कश्यप, राजू सरकार, नरसिंह लाल, जया भारती, युगलकिशोर, पूजा श्रीवास, अनिशा, मनोज, अतुल यादव, जगदेव सोनवानी, आशीष सोनू, पीतम बाकडे, गोलू यादव सहित समस्त ग्रामवासी व डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावक कर रहे हैं योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



स्वामी आत्मानंद स्कूल महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव में योग दिवस के उपलक्ष्य में चार दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर छात्रें को योग से जोड़ने का प्रयत्न किया जा रहा है।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के कोंडागांव जिला अध्यक्ष एवं योग प्रशिक्षक कांतिलाल पटेल छात्रें को योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए योग का अभ्यास आवश्यक है। योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक संतुलन बनता है और बच्चे पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। अनुलोम विलोम, प्राणायाम, भुजंगासन, वृक्षासन, बालासन और शवासन के अभ्यास से छात्रें की एकाग्रता बढ़ती है।

प्राचार्य दिनेश शुक्ला ने इस अवसर पर सभी छात्रें को प्रोत्साहित किया और कहा कि योग करने का अर्थ है जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ाना। योग करने वाला छात्र अनुशासित होता है और स्वाभाविक रूप से व्यसन से दूर रहता है। कार्यक्रम के संयोजक व्याख्याता अखिलेश गायधने ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टियां आगे बढ़ गई है किंतु सुबह–सुबह योग का अभ्यास करना हम सबको सकारात्मक ऊर्जा दे रहा है। उन्होंने छात्रों के साथ–साथ अभिभावकों को भी योगाभ्यास के लिए आमंत्रित किया।

## महिला से छेड़छाड़ मामले में इंजीनियर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल में महिला से छेड़छाड़ करने वाले एनएमडीसी में कार्यरत कंपनी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोधघाट पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

- एनएमडीसी में कार्यरत आरोपी को न्यायालय में किया गया पेश
- बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल का मामला

बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर ने बताया कि महिला से छेड़छाड़ मामले में पिड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में टीम का गठन किया गया था। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 354, 354 क, 294, 323 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान आरोपी सचिन फिलीफ 53 वर्ष निवासी सूर्यविहार जुनवानी भिलाई हाल निवास आड़ावाल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एनएमडीसी में कार्यरत निजी कंपनी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। आरोपी द्वारा रविवार शाम लगभग 4 बजे घटना को अंजाम दिया गया था जब पिड़िता अपने घर के करीब मौजूद थी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## श्रीराम फाइनेंस के ज्वाइंट एमडी समेत 6 के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्रीराम फाइनेंस कम्पनी के ज्वाइंट एमडी व नेशनल एचआर समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ बोधघाट थाने में धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में तीन नामजद आरोपी को पकड़ कर पुलिस पूछताछ कर रही है।

मामले की रिपोर्ट श्रीराम फाइनेंस कम्पनी के पूर्व रीजनल बिजनेस हेड ने दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी निलेश पांडेय व रिंकू साहू के विरुद्ध सुकमा थाना में झूठी रिपोर्ट लिखा कर फंसाया गया था। कंपनी ने बिना किसी जांच पड़ताल के इनको नौकरी से भी बर्खास्त कर दिया था मामले में लोअर कोर्ट से रिंकू साहू और निलेश पांडेय को बाइज्जत बरी कर दिया गया। बरी होने के बाद प्रार्थीगण को कुछ सबूत हाथ लगने पर इन आरोपियों के खिलाफ थाना बोधघाट में नामजद रिपोर्ट कराई गई है। रिपोर्ट पर धारा 120 बी, 420, 468, 471, 193 के तहत श्रीराम फाइनेंस के ज्वाईंट एमडी सुदर्शन हुल्ला, एचआर हेड ए गणेश, जोनल बिजनेस हेड छग संजय रूपचंदानी, रीजनल हेड जगदलपुर तुमन साहू , पूर्व स्टेट हेड सूरज सरोगी, व जगदलपुर के ब्रांच मैनेजर दिनेश चौहान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

- मामले में तीन से हो रही पूछताछ
- प्रार्थी को झूठे मामले में फंसाकर बर्खास्त करने का मामला

### तीन से पूछताछ जारी

बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर ने बताया कि मामले में जगदलपुर के ब्रांच मैनेजर दिनेश चौहान के अलावा रायपुर निवासी जोनल बिजनेस हेड छग संजय रूपचंदानी व रीजनल हेड जगदलपुर तुमनलाल साहू को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। वहीं मामले में फरार अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है। प्रार्थी निलेश पांडेय के मुताबिक उसे और उसके अधीनस्थ कर्मचारी रिंकू साहू को सामाजिक मानसिक एवं आर्थिक हानि पहुंचाने के उद्देश्य से हमारे खिलाफ झूठी एवं फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर सुकमा थाना में 24 जुलाई 2021 को एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। जिसके कारण 17 दिन तक जेल अभिरक्षा में रहना पड़ा था तथा इस दौरान उन्हें कंपनी से निष्कासित कर दिया गया।

## कच्चा माल व विक्रय के संबंध में जानकारी ली, दिए सुझाव

# सचिव ने उत्पादक गतिविधियां के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव





राज्य शासन के योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव अंकित आंनद ने सोमवार को जिले के कोंडागांव विकासखंड के करनपुर और फराशाओं के जुगानी कलार स्थित ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन कर उत्पादक गतिविधियों में संलग्न महिला स्व-सहायता समूहों तथा उद्यमियों से रूबरू होकर उनकी आर्थिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। पंचायत पदाधिकारियों से भेंटकर इन ग्रामीण औद्योगिक पार्क के अधोसंरचना एवं संचालन के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक विनय सिंह, फरसगांव जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएल चुरेंद्र और सीईओ जिला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

- योजना एवं सांख्यिकी सचिव अंकित ने किया करनपुर और जुगानी कलार ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन

### बेल मेटल से कमाए 11 लाख

सचिव श्री आनन्द ने जिले के कोंडागांव विकासखण्ड अंतर्गत करनपुर ग्रामीण औद्योगिक पार्क में धातु शिल्प, वेल्डिंग, दोना-पत्तल, और मसाला उत्पादन इकाई का अवलोकन किया तथा कच्चा माल की आपूर्ति, उत्पादन पश्चात विक्रय के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान धातु शिल्प उत्पादन से जुड़ीं महिला समूह के सदस्यों ने बताया कि वे वर्तमान में कोण्डागांव से पीतल लाकर शिल्प तैयार करते हैं। यहां बेल मेटल से तैयार लगभग 23 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामग्री का विक्रय किया गया है, जिससे लगभग 11 लाख रुपए की आमदनी हुई है।

### स्थानीय सहित सी मार्ट को बेचते हैं

जुगानी कलार में बांस शिल्प तैयार करने वाली महिलाओं ने बताया कि बांस की आपूर्ति स्थानीय किसानों से होती है। दोना-पत्तल की आपूर्ति स्थानीय व्यापारियों को करती हैं। मसाले की आपूर्ति सी-मार्ट के साथ ही स्थानीय व्यापारियों को की जाती है। जुगानी कलार में अब तक 2.17 लाख रुपए के दोना पत्तल, 1.74 लाख रुपए के मसाला और 2.33 लाख रुपए के बांस शिल्प का विक्रय किया गया है।

## पेज 11 का शेष

### धार्मिक स्थल पर...

देना चाहिए। संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने किया। इस दौरान निगम अध्यक्ष कविता साहू, मिथलेश स्वर्णकार, जतिन जायसवाल, उमाशंकर शुक्ला, अंगद प्रसाद त्रिपाठी, फतेह सिंह परिहार, लता निषाद, चंपा ठाकुर, रामशंकर राव, अनवर खान, अवधेश झा, अपर्णा बाजपेयी, पार्षद विक्रम दांगी, कमलेश पाठक, बलराम याडव, सुशीला बघेल, पंचराज, रविशंकर तिवारी, रोजविन दास, अजय बिसाई समेत नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लापरवाह वाहन ...

हम अपनी ड्यूटी कर केवल प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। वीआईपी की सुरक्षा में चूक मतलब बड़ी लापरवाही। उन्होंने कहा कि ऐसी वाहनों पर अवश्य कार्रवाई की जायेगी जो बेवजह सायरन बजाकर शहर में चल रहे है। ऐसी गाड़ियों का वीडियो बनाकर लोग कंट्रोल रूम भेज भी सकते हैं, जिसके आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। **मुख्यमंत्री व विधायक को भी देंगे जानकारी**–पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य, लखपाल सिंह, बबला यादव, गोपाल तीर्थानी, मितेश पाणिग्राही, कमलेश ठाकुर व गणेश राव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है, जनता को तिरस्कृत कर भावनाओं को आहत करना अनुचित है। इस विषय को लेकर जल्द विधायक व मुख्यमंत्री से मिलकर जनभावना से अवगत करवाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कारली में काउंसलिंग आज से

**दंतेवाड़ा।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कारली में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत सिलाई, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर, टैक्सी ड्राइवर, एसी मैकेनिक, एलइडी सोलर मैकेनिक, राज मिस्त्री, मेकअप आर्टिस्ट का प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत टू व्हीलर एंड फोर व्हीलर मैकेनिक, एंब्रॉयडरी, डेस्कटॉप पब्लिशर, मेसन असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, सोलर पैनल इंस्टालर का प्रशिक्षण दिया जाना। प्रशिक्षण निशुल्क एवं आवासीय होगा, घर से आना-जाना भी कर सकते हैं। बेसिक कंप्यूटर क्लास, उद्यमिता विकास कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इस हेतु 19, 20 और 21 जून को काउंसलिंग आयोजित की गई है। पहले रजिस्ट्रेशन पहले प्रशिक्षण के आधार पर एडमिशन दी जाएगी। काउंसलिंग तिथि को आवेदन जमा कर सकते हैं। पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड का फोटो कॉपी 10वीं 12वीं का मार्कशीट के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### आवासीय योग प्रशिक्षण

बीजापुर। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर समाज कल्याण एवं आयुष विभाग द्वारा 19 से 21 जून तक समर्थ जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एजुकेशन सिटी बीजापुर में 3 दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के आयुष विभाग के द्वारा संचालित आयुष आरोग्य मंदिर व औषधालय के ग्रामीण आदिवासी युवक-युवतियों को योग शिक्षा एवं स्वास्थ्य शिक्षा का प्रशिक्षण आयुष योगा वेलनेस सेंटर के डॉ. ज्योति प्रकाश प्रधान द्वारा दिया जा रहा है। साथ में आयुर्वेद व आहार-चिकित्सा की जानकारी डॉ. अरविन्द मरावी जिला आयुर्वेद अधिकारी के द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को सहायता स्वीकृत

**दंतेवाड़ा।** शासन के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्ति के परिवारजनों व घायलों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति किये जाने के प्रावधान के तहत निवासी ग्राम गढ़मिरी (धुरवापारा) तहसील कुआकोंडा मृत अमेरसिंह ताती के वैध वारिस सुखमती ताती को 25 हजार रुपए की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त परिपत्र में प्रदत्त अधिकारी का उपयोग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बड़े बचेली के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के निकटतम परिजन के द्वारा आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गयी है।

# भड़काने वाले अब कर रहे हैं राजनीतिः केदार

## बलौदाबाजार मामले को लेकर वनमंत्री ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

- घटना के दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- मंत्रिमंडल विस्तार का फैसला पार्टी फोरम में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बलौदाबाजार मामले को लेकर कांग्रेस आज प्रदेश में प्रदर्शन कर रही हैं, ये वहीं लोग हैं, जो वहां पर पीछे से उनको सपोर्ट किए, भड़काने का काम किए, अब पूरे मामले को लेकर राजनीति कर रहे हैं। सीएम और गृहमंत्री का स्पष्ट तौर पर कहना है कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उक्त बातें मंत्री केदार कश्यप ने आज कही। बलौदाबाजार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण हैं, जो घटना हुई उनको उत्तेजित करने वाले विपक्षी दल हैं। अभी उसकी जांच हो रही हैं, जांच में जो दोषी होगा, उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। कानून से कोई नहीं बच सकता। दोबारा ऐसी घटना ना हो इस पर सरकार का प्रयास हैं।

### हार से कांग्रेसियों में बौखलाहट

कांग्रेस द्वारा हार की समीक्षा नहीं किए जाने पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, कांग्रेसियों को पहले से पता था कि उनकी हार होगी, तो समीक्षा क्या करेंगे? कांग्रेसी हार के कारण से उपद्रव करने वालों के साथ खड़े नजर आ रहे हैं, ऐसे तत्वों को बढ़ावा दे रहे हैं। विधानसभा और लोकसभा में कांग्रेस को करारी हार मिली हैं।

### पिछली सरकार ने घर से चलाई थी सरकार

मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर केदार कश्यप ने कहा कि, ये मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार हैं, जो होगा राज्य के बेहतरी के लिए होगा। पार्टी फोरम के साथ बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। सरकार के कार्यों को निचले स्तर तक पहुंचाने कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद मंत्री अपने विभागों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाने का काम हो रहा है। पिछली सरकार ने मंत्रालय की उपेक्षा की और घर से सरकार चलाई। कैबिनेट बैठक पर केदार कश्यप ने कहा कि, कल तीन बजे मंत्री परिषद की बैठक सीएम के अध्यक्षता में आयोजित की गई है। अभी बैठक के एजेंडे सामने नहीं आये है। तीन महीने बाद ये बैठक हो रही हैं। पिछली सरकार ने मंत्रालय को उपेक्षित रखा था, घर पर ही सरकार चलाने का काम किया। भाजपा सरकार योजना बनाकर बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कर रही है।

# 14 सूत्रीय मांगों को लेकर हजारों ने जिला मुख्यालय में निकाली रैली





***सहकारी बैंक, अंग्रेजी माध्यम कालेज, खाद बीज सहित जिला अस्पताल की अव्यवस्था के सुधार की मांग***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में जनजातीय समुदाय के विभिन्न समस्याओं पर ध्यानाकर्षण और निराकरण को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने जिला मुख्यालय में रैली निकाल कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रैली में जिले भर से करीब 15 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ थी, जो करीब डेढ़ किमी लंबी रही। रैली में सभी शामिल लोगों की मांग थी कि उन्हें तेंदूपत्ता मजदूरी नगद भुगतान किया जाए।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी ने बताया कि अनुसूचित क्षेत्र के बीजापुर जिले में जनजातीय समुदाय विभिन्न समस्याओं से ग्रसित हैं तथा इसके समाधान के लिए 14 बिंदुओं पर राज्यपाल के नाम एसडीएम जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन में जिले के सभी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को मजदूरी और बोनस नगद राशि का भुगतान करने, जिले में आनलाईन पेमेंट के लिए कुटरू, गुदमा, गंगालूर, जांगला, बासागुड़ा, मद्देड़, एरमनार, भैरमगढ़ जैसे अन्य क्षेत्र सहकारी बैंक शाखा की सुविधा मुहैया कराने, पोटाकेबीन आवासीय विद्यालय में आगजनी की घटना को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित आवासीय पोटा केबिन स्कूलों में अस्थाई बम्बू स्ट्रेक्चर के स्थान पर पक्के भवनों का निर्माण किए जाने एवं नियमित शिक्षकों का पद स्वीकृत करते हुए शैक्षणिक सेटअप जारी करने की मांग की गई है। इसके साथ ही अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति सहित पिछड़े वर्ग के लिए कटअप डेट को दृष्टिगतगत रखते जारी जाति प्रमाण पत्रों के साथ जारी फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच और कार्रवाई किए जाने, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय आरक्षण के आधार पर नियमित भर्ती करने, खनिज न्यासनिधि से निर्मित शल्य चिकित्सा कक्ष के लिए चिकित्सकों और टेक्नीशियन की नियुक्ति करने जिसमें सीएचसी भैरमगढ़, सीएचसी नेलसनार, सीएचसी भोपालपटनम और सीएचसी उसूर शामिल हैं।

बीजापुर जिला अन्तर्गत संचालित लेंप्स में 1001 धान बीज तत्काल उपलब्ध कराए जाने, खाद और धान बीज के कीमतें में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। उनके कीमत कम किए जाने, राज्य गठन के बाद से बैकलॉग पदों की भर्ती लंबित है उन पदों को शीघ्र भरे जाने, वन अधिकार प्रपत्र गैर जनजातियों को गलत तरीके से वितरण किया गया, इसकी जांच करते हुए निरस्त किए जाने, तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों में पात्र और अपात्र कौन होंगे इसे स्पष्ट किए जाने, जिला अस्पताल बीजापुर में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी व्यवस्था बहाल करने और बीते 8 माह से जिला अस्पताल से गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी नही होने के नाम पर निजी अस्पताल में रेफर किए जाने के मामलों की जांच कर दोषी अस्पताल अधीक्षक और स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में जिला अस्पताल में एक्स-रे और जीवन रक्षक दवाइयों सहित मलेरिया उन्मूलन की दवाओं को मरीजों को नही मिलने, जैसी व्याप्त अव्यवस्था के लिए दोषी अधिकारियों और कर्मियों पर कार्रवाई करने और बीजापुर जिले में अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय खोले जाने की मांग की है।

# बकावंड ब्लाक मुख्यालय में बारिश में नाली का पानी आ जाता है सड़कों में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव की मनमानी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दी है। बकावंड में ग्रामीणों की सुविधा के लिए नालियां बनवाई गई हैं, वे परेशानी का सबब बन गई हैं। नालियों का निर्माण बेतरतीब ढंग से हुआ है। नतीजतन पानी का बहाव नहीं हो पाता। कचरा नालियों को जाम कर रखा है। ग्राम पंचायत नालियों की सफाई नहीं कराती। बारिश होने पर गंदगी तथा गंदा पानी आसपास के घरों में घुस जाता है। बरसात के मौसम में हालत बदतर हो जाती है। घरों में पानी भर जाता है कपड़े लत्ते, राशन, बच्चों की कॉपी पुस्तकें, स्कूल यूनिफार्म तक भीग जाते हैं। ग्रामीण नालियों की सफाई कराने की मांग करते करते थक चुके हैं, मगर सरपंच सचिव ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। मानसून बस्तर में दस्तक दे चुका है, छिटपुट बारिश का दौर जारी है और अब तेज बरसात शुरू होने वाली है। ऐसे में यहां ग्रामीण चिंतित हो चले हैं पूरे बरसात के मौसम में उनका क्या हाल होगा।

### *जनवरी से चेताते आ रहे ग्रामीण*

*ग्रामीणों ने बताया जनवरी-फरवरी 2024 की ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम पंचायत को समस्त जाम नालियों के विषय में अवगत कराया गया था, लेकिन अब मानसून आ गया है और नालियों की साफ सफाई अभी तक नही कराई गई है। बंद नालियों के कारण घरों और दुकानों में पानी घुस जाता है लेकिन सरपंच कलावती ध्यान नहीं दे रही है। समय से पहले नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो ग्रामीण जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन की चेतावनी ग्रामीण मानसिंह, देवराज, राजू, कंचन, शंकर, मोनू, सुरीज, बलिहार, नीलम बद्रे, माहिपाल, महेंद्र, पदमा, शामनाथ, रघुनाथ, पुरुषोत्तम, विवेक ने दी है।*

### कह देता हूं सरपंच से

सरपंच-सचिव को बारिश शुरू होने से पहले नालियों की साफ-सफाई कराने के लिए बोल दूंगा, अब नहीं होगी परेशानी।

-एसएस मंडावी, सीईओ, जपं बकावंड

# एनसीसी कैडेटों ने दिया जल रक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



पुनीत सागर अभियान के तहत विश्व महासागर दिवस के अवसर पर 1 छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल अमित आदर्श के मार्गदर्शन में शनिवार को एनसीसी संचालित संस्था झाड़ा सिरा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जगदलपुर, शासकीय गुंडाधुर पीजी महाविद्यालय कोंडागांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े डोंगर के 148 कैडेटों ने तालाब के पास जाकर तालाब की साफ-सफाई कर आम लोगों को जागरूक किया। तालाब के जल में कचरा ना फेंकने और उसे स्वच्छ रखने एवं जल की रक्षा के लिए अपील किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

# विधायक ने की माता गंगादई की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

- नवनिर्मित मंदिर का लखेश्वर बघेल ने किया शुभारंभ



ग्राम चितालुर में नवनिर्मित गंगादई माता मंदिर का शुभारंभ बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज किया। विधायक बघेल ने माता गंगादई की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

ग्राम पंचायत चितालुर के ग्रामीणों के द्वारा लंबित मांगों को देखते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल उनके मांग अनुरूप ही माता गंगादई मंदिर का सौगात दिये, जो आज बनकर पूर्णतः तैयार हो गया है। इससे लोगों में हर्षोल्लास का माहौल है। क्षेत्र की जनता के लिए सदैव तत्पर रहने वाले विधायक लोगों से मेल मिलाप के दौरान माता बहनों एवं ग्राम प्रमुखों से मिलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्या का उत्थान करना ही मेरा पहला कर्तव्य हैं। तत्पश्चात बेसरापाल कार्यकर्ता लखेश्वर कश्यप के निवास में जात्रा कार्यक्रम में पहुंचकर बस्तर विधायक ने माता की पूजा-अर्चना कर सुख,समृद्धि की कामना कर स्थानीय वरिष्ठजनों से मुलाकात करते हुए क्षेत्र के विषय में भी आवश्यक चर्चा किये। इस दौरान कार्यकर्ता समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# टीएलएम आधारित पुस्तक में ममता को मिला स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

आज डाइट रायपुर में राज्य भर के शिक्षकों का टीएलएम पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों डॉ.एम. सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बीएल. देवांगन प्राचार्य रायपुर डाइट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। बता दें कि राज्य के कुछ चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों ने अपने संस्था में बच्चों को करके सीखने हेतु उपयोग कर रहे कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा, बनाने की विधि, लागत, गतिविधि कैसे करें पर अपनी बातों को लिखित स्वरूप दिया है। बता दें कि टीएलएम पर आधारित बुक का भी विमोचन के. शारदा की अगुवाई में कुछ दिनों पहले हो चुका है और यह आज दूसरा मौका है। इस पुस्तक के कार्य को के. शारदा द्वारा संपादन का कार्य किया और डॉ. प्रज्ञा सिंह सहसंपादक, नंदा देशमुख बुक प्रभारी और टेक्निकल सपोर्ट टीसी. जायसवाल और संपादक मंडल में ज्योति बनाफर, पुष्पेंद्र कश्यप, प्रतिभा त्रिपाठी, सुनीता यादव, रेखा राय, सूरज कांति गुप्ता, देवेन्द्र कुमार देवांगन, ममता सिंह, संतोष कुमार तारक, संतोष कुमार पटेल, नीतिका जेकब, अरूणा देशमुख, सईदा खान, बिसेलाल, लोकेश वर्मा शामिल रहें।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र.- 202406201500008/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश कुमार पिता स्व.चक्रलाल, जाति मरार निवासी आड़काछेपड़ापारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर- कोण्डागांव के मोहल्ला- आड़काछेपड़ापारा में स्थित भूमि शीट नं. 01 भूखण्ड क्रमांक 283/3 क्षेत्रफल 4356 वर्गफुट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में चक्रलाल पिता सहादेव जाति मरार सा.देह का नाम दर्ज होना बताते हुए, उक्त भूखंड में से आवेदक अपने पिता चक्रलाल पिता सहादेव की दिनांक 29.10.2000 को मृत्यु होने के कारण आबंटित भूमि से फौती का नाम खारिज कर वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, मेन्टीनेन्स खसरा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 24.06.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.06.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202406152200004

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंवर सिंह नेताम पिता स्व. पीलुराम जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. पीलुराम निवासी ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. पीलुराम ग्राम सतोषा का दिनांक 26/03/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक कुंवर सिंह नेताम पिता स्व. पीलुराम जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. पीलुराम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 20/06/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 05/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर



**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस का 5 सदस्यीय जांच दल गठित

**जगदलपुर।** कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि दलपत सागर के दक्षिण छोर पर 1 किमी से अधिक मुरूमीकरण रोड का आचार सहिंता के दौरान निर्माण कार्य कर दिया गया। जिस पर महापौर, आयुक्त, पीडब्ल्यूडी सभापति कुछ भी नही बोल रहे है। ये सड़क किसके मद से किस उपयोगिता के लिये बनाया गया हैं। इसकी जांच के लिए कांग्रेस पार्षद दल से एक कमेटी गठित की हैं। जो 5 दिवस के अन्दर रिपोर्ट सौंपेगें। जांच दल में पार्षद उदयनाथ जेम्स, विक्रम सिंग डांगी, राजेश राय, सुषमा कश्यप व सुशीला बघेल शामिल है।

### सर्व नाई सेन समाज की बैठक में समाज की मजबूती पर मंथन



**जगदलपुर।** सर्व नाई सेन समाज ने मंगलवार को कुम्हारपारा स्थित समाज भवन में बैठक की। जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर के नेतृत्व में समाज को मजबूती प्रदान करने अनेक विषयों पर सदस्यों ने राय रखी। आगामी दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर सदस्यों ने विचार विर्मश किया। जिलाध्यक्ष ने बताया समाज के मजबूती के लिए कार्य किया जा रहा है। बैठक में राधेश्याम श्रीवास, राजू राव, संदीप श्रीवास, छन्नू भारद्वाज, तरुण सेन, कृष्ण ठाकुर, लोचन सेन, संजय श्रीवास, उमेश ठाकुर, नंदन ठाकुर, लल्लन ठाकुर, सुनील श्रीवास, पूनम कुमार, महेंद्र श्रीवास, गोकुल सेन, वसंत राव, देवा राव, गौरी श्रीवास, राजेश श्रीवास, राजा ठाकुर, रमन ठाकुर, मोनू ठाकुर, राम लखन ठाकुर, प्रेमजीत ठाकुर, शंकर सेन, चंदन ठाकुर समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# रोटरी जगदलपुर अपने आप में एक ब्रांड : मंजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

रोटरी क्लब में डिस्ट्रिक गवर्नर मंजीत सिंह अरोडा और असिस्टेंट गवर्नर नंदन दोषी की मौजूदगी में हुई बोर्ड मीटिंग में इस वर्ष किए गए कायोंर् की जानकारी दी गई जिसकी अतिथियों ने सराहना की। अध्यक्ष दिनेश कागोत ने इस कार्यकाल में रोटरी की गरिमा अनुरुप कार्य करने की बात कही। मनोज थॉमस ने साल भर किए कायोंर् की जानकारी दी। नंदन दोषी ने कहा रोटरी जगदलपुर पूरे डिृरिरक में टॉप क्लबों में एक है क्लब का हरेक सदस्य एकजुट होकर अच्छे कार्य करता है। मंजीत सिंह ने कहा कि रोटरी जगदलपुर अपने आप में एक ब्रांड है हर गवर्नर इस क्लब के साथ मिलकर काम करना चाहता है। यह क्लब 53 वर्ष पुराना है यहां हरेक सदस्य को सेवा क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव है। इस वर्ष रोटरी ने प्रोजेक्ट आहार, शतरंज, मेडिकल कैंप, रोटरी टैलेंट, डायगनोस्टिक कैंप और यात्री प्रतीक्षालय जैसे पब्लिक इमेज वाले लगभग 30 प्रोजेक्ट किए है जो पूरे डिृरिरक की उपलब्धि है। पूर्व रोटरी अध्यक्ष आरबीएस राणा, शैलेन्द्र वडेरा, पुस्पी अग्रवाल का सम्मान एवं पब्लिक क्षेत्र में निगम सफाई कर्मी दामोदर कुमार, ट्रैफिक पुलिस कर्मी किरण नाग, प्रोजेक्ट आहार के सहकर्मी राजू पारख का सम्मान किया गया। प्रोजेक्ट आहार के सफल संचालन के लिए श्याम सोमानी, मनीष सोमानी, यात्री प्रतीक्षालय चेयरमैन कमलेश गोलछा, सौरव अरोरा, रोटरी के कायोंर् को मीडिया तक पहुंचाने के लिए संग्राम सिंह राणा का सम्मान किया गया। इस मौके पर रोटरी, इनर वील, रोटरेक्ट क्लब सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन तथा आभार मनोज थॉमस ने माना।

**सफाई कर्मी दामोदर और ट्रैफिक पुलिस के किरण का सम्मान**





### प्रदेश सरकार आम लोगों के साथ-साथ सार्वजनिक कार्यालयों की सुरक्षा करने में नाकाम

# कवासी लखमा ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के बलौदाबाजार में कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी की घटना के विरोध में मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कोंटा के विधायक कवासी लखमा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कलेक्टर कार्यालय और एसपी कार्यालय किसी का घर नहीं है, ये आम जनता की संपत्ति है। वे कौन लोग है, जो कलेक्टर और एसपी जैसे कार्यालय में आगजनी की घटना को अंजाम दिये है। कवासी लखमा ने आगे कहा कि यह आजाद भारत की पहली घटना होगी, जहां कलेक्टर कार्यालय और एसपी कार्यालय को आग के हवाले किया गया और सरकार आज तक कुछ नहीं कर रही है। इससे साफ है कि सरकार का सूचना तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है। प्रदेश सरकार आम लोगों के साथ-साथ सार्वजनिक कार्यालयों की सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम है। कवासी लखमा ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार को बने हुए महज छः माह ही हो रहे है। इन छः माह में ही छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में ऐसी घटना का होना शर्मनाक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। कवासी लखमा ने कहा कि बलौदा बाजार की घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

वहीं बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से लगातार प्रदेश में घटनाएं हो रही है। प्रदेश का अनुसूचित वर्ग हो या अन्य पिछड़ा वर्ग हो या फिर कोई और वर्ग, हर वर्ग भारतीय जनता पार्टी और विष्णुदेव साय की सरकार से पीड़ित है। प्रदेश के बलौदा बाजार में कलेक्टर और एसपी कार्यालय में आगजनी की घटना प्रदेश सरकार की नाकामियों का सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण है।

वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष लालू राठौर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और विष्णुदेव साय की सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। प्रदेश के लोग भय के माहौल में जी रहे है। इस दौरान पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

**बलौदाबाजार घटना के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन**





### जैतखाम अपमान व तोड़फोड़ मामले में कांग्रेसियों का धरना-प्रदर्शन

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बलौदाबाजार घटना घटना के विरोध में सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी बघेल के नेतृत्व में सुकमा बस स्टैंड परिसर में 18 जून को सुबह 10 बजे से धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, नगरपालिका, नगरपंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की नाकामियों और लाचार कानून व्यवस्था के चलते आम जनता एवं निर्दोष लोगों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष राजू साहू ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि बलौदाबाजार हिंसा पर भाजपा के नेता षड़यंत्र को छिपाने का काम कर रहे हैं। हिंसा मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो आरोपी भी वहीं लोग निकलेंगे। भाजपा अपनी कमजोरी छिपाने के लिए अनर्गल बात कर रही है। धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम से बलौदाबाजार घटना को लेकर सीबीआई जांच के लिए जॉइंट कलेक्टर सूरज कश्यप को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सुकमा जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डु राजा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया, कोंटा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुन्नम नागेश, उपाध्यक्ष माड़वी देवा, जिला पंचायत सदस्य राजूराम नाग, करतम मुया, सुकमा नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जार, दुर्गेश राय, छिंदगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पदामी कोसा, कोंटा ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडे, तोंगपाल ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मन कश्यप, तुलसी नाग, लखमा गोरे, महादेव मुचाकी, कोंटा नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया, दोरनापाल नगर पंचायत अध्यक्ष बबीता मंडावी, मुकेश कश्यप, गुलाम मुर्तजा, रम्मू राठी, प्रवक्ता मो. हुसैन, रिंकु दास, बच्चा कोरी, नीमू साहू, अम्बाती देवी, समीर खान, सैमुएल टुडू, हरीबन्धु सेठिया, कवासी कोसा, कोसराम मरकाम, मड़कम सुकड़ा सहित सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजमहेंद्री से लाए पीपल व बरगद के पौधे पर मानसून का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग के भानपुरी से गीदम तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर पेड़ों की कटाई होने से एनएच में हरियाली नहीं दिख रही है। एनएच के दोनों ओर हरियाली के लिए वन विभाग ने 7 हजार 400 पीपल एवं बरगद के पौधे लगाने के लिए गडढ़े किए गए। इसके लिए आंध्रप्रदेश के राजमहेंद्री के कुड़ियम नर्सरी से पौधे लाए हैं, पर मानसून नहीं होने से अब तक पौधरोपण नहीं हो सका, पौधरोपण के लिए विभाग को वर्तमान में मानसून का इंतजार है। ऐसे पौधों का रख-रखाव वन विभाग के कर्मचारी करेंगे। बताया जा रहा है कि आज के समय में पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है, ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ ही संतुलित रख सकते हैं। पर्यावरण को स्वच्छ रखने में पीपल का वृक्ष ज्यादा कारगर होता है और यह पेड़ लोगों के लिए आस्था का प्रतीक है। साथ ही पौधों से अधिक मात्रा में ऑक्सीजन देने के साथ ही छाया देता है और इसके साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध भी करता है।

- राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर हरियाली के लिए रोपण होंगे 7400 पौधे



#### भानपुरी से शुरू होगा पौधरोपण

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि एनएच किनारे भानपुरी से गीदम तक पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण किया जाएगा। मानसून होने पर पौधरोपण भानपुरी से वन मंत्री केदार कश्यप के करकमलों किया जाएगा।

### 30 बिस्तर के हास्पिटल में मरीज नहीं, धूल खा रहे बेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

आयुष विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय में स्थापित 30 बिस्तर वाले जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में एक भी मरीज भर्ती नहीं है, वार्ड के बेड धूल खा रहे हैं। जिला मुख्यालय में आयुर्वेद चिकित्सा पद्घति से लोगों को उपचार देने जिला आयुर्वेदिक हास्पिटल की स्थापना वर्ष 2007 में की गई थी। चिकित्सालय के स्टॉफ ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा से लेकर सुविधा तक की यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। इसके चलते चिकित्सालय परिसर में रोज शाम को असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा रहता है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. जेआर नेताम ने बताया कि मुख्यालय से चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है।

- आयुर्वेदिक चिकित्सालय में सुरक्षा की कोई सुविधा नहीं




### जल समस्या को लेकर महापौर से मिले वार्डवासी



**जगदलपुर।** बहादुरगुड़ा राजेंद्र नगर वार्ड में पानी की समस्या को लेकर वार्डवासी महापौर सफीरा साहू से मिल ज्ञापन सौंपा। वार्ड के लक्ष्मण झा ने बताया कि विगत एक माह से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। जिससे वार्डवासी बीमार पड़ रहे हैं, क्योंकि पीने योग्य पानी नहीं मिल रहा है। महापौर ने निदान करते हुए नए बोर के लिए जल विभाग को कहा। अविलंब वार्ड में बोर कराने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड में पानी की सप्लाई निरंतर जारी रखने को कहा। इस दौरान लच्छीन कश्यप, अमित नेताम, अजय यादव, अनिल मिस्त्री, खगेश्वर पांडे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### तेन्दूपत्ता के नगद भुगतान से संग्राहकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

तेंदूपत्ता नगद भुगतान होने पर संग्राहकों व वन प्रबंधन समितियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वनमंत्री केदार कश्यप का आभार माना है। पिछले कई दिनों से बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिलों में तेंदूपत्ता संग्राहकों ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का नगद भुगतान की मांग कर रहे थे। फलस्वरूप सोमवार को प्रदेश सरकार ने नगद राशि देने के निर्देश दिये है। जिसके बाद तेंदूपत्ता हितग्राहियों के चेहरे में मुस्कान आ गई है। पार्षद नंदकिशोर राना ने बताया कि जिले के अधिकांश क्षेत्र दूरस्थ होने कि वजह से बैंकों तक हितग्राहियों को पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तेंदूपत्ता हितग्राहियों को नगद राशि की आवश्यकता थी, जिसको देखते हुऐ मुख्यमंत्री ने मांग पूरा किया है। इस दौरान समिति के सदस्य जय सिंह राना, रामसिंह राना, सुकरू साहनी, रमेश वर्मा, रामधर राना, अनिल कुडियम, गणेश राना, आयतु कुड़यिम, सुकल धर राना, तुलसी राना और दिनेश मौजूद थे।



### डिलमिली पहाड़ के करीब हुआ हादसा, बाईक सवार घायल





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कोड़ेनार थाना क्षेत्र के डिलमिली के करीब सोमवार रात हुए सड़क हादसे में बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल बाईक सवार रात भर घटनास्थल में ही अचेत पड़ा रहा। सुबह गुजर रहे सरपंच ने घायल को देखकर ग्रामीणों की मदद से घायल का बाहर निकाला और एम्बुलेस की मदद से अस्पताल भिजवाया।

- रात भर पड़ा रहा घायल, सुबह सरपंच ने भिजवाया अस्पताल

जानकारी के मुताबिक रात लगभग 8 बजे बाईक क्रमांक सीजी 17 केएम 2665 में सवार लक्ष्मण 27 वर्ष बागमुंडी से अलवा की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद सारी रात घायल डिलमिली पहाड़ के करीब पड़ा रहा। रात अधिक होने व लोगों की आवाजाही नहीं होने से रात में उसे किसी ने नहीं देखा। मंगलवार सुबह पखनार सरपंच बामन मंडावी वहां से गुजर रहे थे उन्होंने हादसे की खबर डिलमिली के लोगों को दी जिसके बाद मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सरपंच व गांव के युवाओं की मदद से घायल को बाहर निकाला गया और इसकी खबर 108 को दी जिसके बाद एम्बुलेस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया गया जहां उसका उपचार जारी है।

### 13 स्कूल के बस संचालक को नोटिस, नहीं पहुंचने पर होगी कार्रवाई

# आरटीओ ने की 85 में से 72 स्कूल बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

स्कूल 26 जून से शुरू होंगे इसके लिए परिवहन विभाग ने स्कूल बसों की जांच कर रही है। हालांकि 20 जून से 85 स्कूल बसों में से अब तक 72 स्कूल बसों की जांच की है। साथ 13 स्कूल बसों के स्कूल प्रबंधन को 25 जून से पूर्व आरटीओ कार्यालय में पहुंच कर बसों की जांच कराने का नोटिस दिया गया है, उसके बाद भी नहीं पहुंचने पर बस का पंजीयन निलंबित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 14 बिन्दुओं पर स्कूल बसों के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नियमानुसार स्कूल बस पीले रंग का हो, बस के अगले एवं पिछले हिस्से में स्कूल बस लिखा हो, स्कूल बस में प्राथमिक उचार पेटी आवश्यक रूप से रखा हो। स्कूल बसों में स्पीड गर्वनर लगा हो, स्कूल बसों की खिड़कियों में खड़ी जाली लगी हों, स्कूल बसों में अग्निशमन यंत्र लगा हो, स्कूल बसों में स्कूल का नाम तथा दूरभाष नंबर स्पष्ट पठनीय हो। स्कूल बसों के दरवाजे पर विश्वसनीय डोरलॉक लगा हो, स्कूल बसों के सीट के नीचे बस्ता रखने के लिये प्रर्याप्त एवं सुरक्षित स्थान हो, स्कूल बसों में बच्चों को संभालने हेतु प्रशिक्षित सहायक हो।



#### निर्देश का पालन करें

पंजीयन प्राधिकारी सह क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के साथ खिलवाड़ न करें और उच्चतम न्यायालय के निर्देश का अनदेखा न करें।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411